ज्वैलर के 30 लाख रु. लेकर फरार हुआ नौकर चार दिन बाद गिरफ्तार

8 माह से नौकरी कर रहा था आरोपी, बैंक में जमा करवाने को पैसे दिए तो फरार हुआ

जयपुर (कासं)। माणक चौक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 मई को ज्वैलर के 30 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा कराने के बहाने फरार हुए नौकर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 29 लाख 74 हजार रुपये बरामद किए गए है। बताया जा रहा है कि आरोपित करीब 8 माह से नौकरी कर रहा था और परिवार को विश्वास में लेकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) जयपुर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि माणक चौक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 मई को तीस लाख रुपये लेकर बैंक में जमा कराने के बहाने फरार हुए नौकर पंकज त्यागी (41) निवासी गांव जैनपुर तिकोला मुरथल जिला सोनीपत हरियाणा हाल नरेला दिल्ली को गिरफ्तार कर उसके पास से 29 लाख 74 हजार रुपये बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसकी पत्नी कैंसर की बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज में रूपये लगने थे और साथ ही दिल्ली में प्लॉट लेने के लिए किसी बिल्डर से बातचीत कर रखी थी।

आरोपित पूर्व में सूरत में नौकरी करता था और इस वारदात को अंजाम देने के लिए ही उसने जयपुर के व्यापारी को चुना था कि ज्यादा रुपये होने के कारण व्यापारी रिपोर्ट दर्ज नहीं करायेगा। अगर सेटलमेंट करने का मौका मिला तो आधे रुपये वापस देकर व्यापारी को मना लेता। इस संबंध में परिवादी दिपेश जैन और तारा जैन ने मामला दर्ज करवाया था कि वह दोनों साझेदारी में डायमंड और पोल्की ज्वैलरी का काम करते है। उसकी मम्मी और पत्नी ने मकान खरीदने के लिए थोडे-थोडे जमा किये हुए थे और बैंक से छह लाख रुपये का बैंक से लोन लिया था। उसकी मम्मी ने नौकर पंकज को 30 लाख रुपये एयू बैंक में जमा करवाने के लिए भेजा था जिसने बैंक मे रुपये नहीं जमा कराकर तीस लाख रुपये को लेकर फरार हो गया और अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया।

उधर पुलिस ने पीड़ित बिजनेसमैन से नौकर की जानकारी चाही तो आईडी भी उसके पास नहीं होने का पता चला। पुलिस ने वारदातस्थल से लेकर भागने के रास्तों के सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। फुटेजों के आधार पर रोड मेप तैयार किया गया। पुलिस टीम को पता चला कि आरोपी पंकज त्यागी मूलतः सोनीपत हरियाणा का रहने वाला है। उसका परिवार दिल्ली में कहीं रहता है। पिछले 4 दिनों से वह दिल्ली में फरारी काट रहा है। पुलिस टीम ने सूचना पर दबिश देकर आरोपी पंकज को पकड़ लिया।

माणक चौक पुलिस ने ज्वैलर के 30 लाख रु. लेकर फरार हुए नौकर को दबोचा।

- रकम ठिकाने लगाने से पहले ही माणक चौक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29.74 लाख रुपये बरामद किए
- पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पंकज त्यागी की पत्नी कैंसर की बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज में रुपये लगने थे, इसके अलावा उसने दिल्ली में प्लॉट लेने के लिए किसी बिल्डर से बातचीत कर रखी थी।

बसों में यात्रियों के जेवरात और नकदी चुराने वाली गैंग पकड़ी

पुलिस ने उत्तरप्रदेश निवासी 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 लाख रु. के जेवर बरामद किए

जयपुर (कासं)। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बसों में यात्रियों की नकदी-जेवरात चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 7 लाख रुपये कीमत के जेवरात बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातों का खुलासा किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वन्दिता राणा ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बसों में यात्रियों की नकदी व जेवरात चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के शातिर बदमाश मोहम्मद जावेद (30) निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश), नरेंद्र उर्फ भूरा (48)निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) और शाहिद (42) निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने सात लाख रुपये के सोने के जेवरात जब्त किए गए है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित लॉक किए हुए सूटकेस -बैग आदि सहित बस में बैठ रही महिलाओं का पीछा करते हुए अपने गिरोह के पांच -छह साथियों के साथ बस में सवार हो जाते हैं तथा बस में भीड़ जैसा माहौल बनाते हुए यात्रियों व उनके सामान के बीच खड़े होकर मौका पाते ही साथी मास्टर-की अथवा पेचकस से सूटकेस का ताला खोलकर नगदी-जेवरात चोरी कर एक-एक बस से उतर जाते हैं।

सिंधी कैंप पुलिस ने बसों में चोरी करने वाले उत्तरप्रदेश के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

'मध्यस्थता से समस्याओं का निवारण संभव'

जयपुर (कासं)। जे.ई.सी.आर.सी. यूनिवर्सिटी व लॉ क्लब एमिकस क्यूरिए ने संयुक्त रूप से दूसरे जेईसीआरसी नेशनल मिडिएशन और नेगोशिएशन कॉम्पिटिशन का आयोजन किया। दो दिनों तक चलने वाले इस कॉम्पिटिशन में करीबन 15 राज्यों जैसे की हिमाचल, चेन्नई, ओरिसा, गुजरात, मुंबई आदि से 40 से अधिक टीमें प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची, जिनमें 120 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहें। मध्यस्थता और बातचीत प्रतियोगिता, कानून के छात्रों के बीच वैकल्पिक विवाद समाधान संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम हैं। मध्यस्थता के माध्यम से कई समस्याओं का समाधान संभव है।

बतौर मुख्य अतिथि प्रह्लाद सिंह कृष्णिया, डी.सी.पी. (ट्रैफिक) पुलिस कमिस्नोरेट जयपुर मौजूद रहे। प्रतियोगिता का विषय 'भारत में मध्यस्थता के बदलते पहलू' था। जिसमे मध्यस्थता और मुकदमेबाजी के ढांचे और उसमें लोक अदालत की भूमिका, वर्तमान न्याय वितरण प्रणाली और प्रवर्तन एजेंसियों में मध्यस्थता की प्रभावशीलता पर चर्चा, वाणिज्यिक मध्यस्थता और क्या कंपनी संशोधन अधिनियम 2019 का इस पर प्रभाव, बहुराष्ट्रीय विवाद मामलों में मध्यस्थता, और भारत को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के केंद्र के रूप में विकसित करना जैसे उप विषय शामिल थें।

"भारत में मध्यस्थता के बदलते पहलू" पर जेईसीआरसी और आई ए एम सी एच सम्मेलन के पैनलिस्ट के रूप में तारिक खान रजिस्ट्रार आई ए एम सी, हैदराबाद, विक्रम पोसेरेला वरिष्ठ अधिवक्ता, तेलंगाना उच्च न्यायालय, हैदराबाद, सुशील डागा मैनेजिंग पार्टनर, एमिकस लीगल, जयपुर, ऋचा बख्शी जनरल काउंसिल, अमेज़न, भारत मौजूद रहे। क्वार्टर फाइनल के नतीजे घोषित होने पर, 8 क्वार्टर फाइनलिस्ट टीमों में से 4 टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमी फाइनल को मिशिका बाजपेयी, एडवोकेट, चैंबर्स ऑफ पराग पी त्रिपाठी, एकाक्षरा महाजन, पार्टनर्स मंधार एसोसिएट, चंडीगढ़ हिमांशी शर्मा, ए.डी.आर. प्रैक्टिसनर, लंदन, चित्रांश माथुर, प्रिंसिपल एसोसिएट, एमिकस लीगल, जयपुर, तुरब काज़मी, पार्टनर, एस के, लॉ फर्म, दिल्ली, श्रेटिमा बागरी, प्रिंसिपल एसोसिएट, एमिकस लीगल जयपुर ने जज किया। फाइनल मुकाबला दो टीमों के बीच हुआ, फाइनल्स को जज करने के लिए तारिक खान रजिस्ट्रार आई.ए.एम.सी, हैदराबाद, विक्रम पोसेरेला वरिष्ठ अधिवक्ता, तेलंगाना उच्च न्यायालय, हैदराबाद, सुशील डागा मैनेजिंग पार्टनर ,एमिकस लीगल, जयपुर, ऋचा बख्शी जनरल काउंसिल, अमेज़न, भारत, वरुण प्रभाकर मौजूद रहे। समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस अशोक कुमार जैन रहे ।

- जे.ई.सी.आर.सी. में नेशनल मिडिएशन और नेगोशिएशन प्रतियोगिता हुई

पति के दोस्त ने किया दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। मुहाना इलाके में विवाहिता से पति के दोस्त द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बाथरुम में नहाते समय आरोपी ने उसका न्यूड वीडियो बना लिया। वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर देहशोषण किया। मुहाना थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 25 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह अपने पति के साथ यहां रहती है। शिकायत में बताया कि पति के दोस्त मुकेश सैनी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पति का दोस्त होने के कारण आरोपी मुकेश का घर पर आना-जाना था। करीब 9 महीने पहले पति की गैरमौजूदगी में आरोपी घर आया। बाथरुम में नहाने के दौरान चुपचाप उसका न्यूड वीडियो बनाकर चला गया। जिसके बाद उसको कॉल कर न्यूड वीडियो के बारे में बताया। वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। ब्लैकमेल कर पति की गैरमौजूदगी में 3-4 बार घर आकर उसके साथ रेप किया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 24 मई को उसका पति गांव जाने के लिए उसे बस में बैठाकर चला गया। पीछा करते हुए आरोपी मुकेश भी बस में चढ़ गया। बस में हल्ला कर बदनाम करने की धमकी देकर रास्ते में उतार लिया। होटल में कमरा बुक कर डरा-धमकाकर उसके साथ रेप किया। गांव पहुंचने के बाद कॉल कर पति को बुलाया। पति के आने पर उनके दोस्त की करतूत के बारे में बताया। जिसके बाद पीड़िता ने मुहाना थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

जनाना अस्पताल अधीक्षक के खिलाफ नर्सेज ने खोला मोर्चा

जयपुर । जनाना अस्पताल में सोमवार को नर्सिंग अधीक्षक का कमरा बंद करने के विरोध में नर्सेज ने अस्पताल अधीक्षक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभी नर्सेज ने कार्य बहिष्कार कर दिया है जिससे यहां भर्ती मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा बाद में अतिरिक्त प्रिंसीपल दीपक माथुर के हस्तक्षेप के बाद नर्सेज काम पर वापस लौट आए।

जनाना अस्पताल में सोमवार सुबह 8 बजे से 300 से ज्यादा नर्सेज में कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान नर्सेज की ओर से अस्पताल परिसर में अस्पताल अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीणा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। नर्सेज ने आरोप लगाया कि डॉ. कुसुमलता अपनी मनमानी कर रही है। जिसकी वजह से नर्सेज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नर्सेज ने कहा के करीब 4 महीने पहले डॉक्टर कुसुमलता की ओर से नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय को बंद कर दिया गया था। इसके बाद जनाना अस्पताल के पीछे वाली साइड में एक छोटी सी जगह में नर्सिंग अधीक्षक का कार्यालय के लिए जगह दी गई। जहां किसी तरह की कोई भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में नर्सेज को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विवाद ज्यादा बढ़ने पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रिंसीपल दीपक माथुर ने हस्तक्षेप कर नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय को एएनसी भवन से पुरानी स्पेशियलिटि में स्थानांतरित किया। इसके बाद नर्सेज काम पर लौट आए।

राजस्थान राज्य नर्सिंग एसोसिएशन एकीकृत जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष अनेश कुमार सैनी ने बताया कि अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर कुसुम लता मीणा ने नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय इसलिए खाली कराया था कि पीडब्ल्यूडी की ओर से कार्य कराया जाएगा। नर्सेज ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। ऐसे में पुराने नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय को वापस खोल दिया जाए। अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो उनकी ओर से कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीणा का कहना है कि पुराने नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय का पीडब्लूडी की ओर से कार्य कराया जाएगा। अभी नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय के लिए दो कमरे दिए हुए है। नर्सेज ने कार्य बहिष्कार किया है। उनसे समझाइस के प्रयास जारी है।

- नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय बंद करने से नाराज नर्सेज का कार्य बहिष्कार
- एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रिंसीपल दीपक माथुर के हस्तक्षेप के बाद नर्सेज काम पर लौटे

142 आर.पी.एस. अधिकारियों के तबादले

जयपुर। राज्य सरकार ने विधान सभा चुनाव से पहले पुलिस के बेडे में बड़ा बदलाव किया हैं। रविवार रात को पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 142 अधिकारियों के तबादले किए हैं।

इस सूची में अधिकतर जिलों के डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी बदले गए हैं। जयपुर कमिश्नरेट सहित जिलों में लगे हुए दस से ज्यादा अफसरों को बदला गया है। माना जा रहा है कि इन तबादलों के पीछे सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से लगातार बनाया जा रहा दबाव भी एक कारण हो सकता है।

आदेश के अनुसार जयपुर में आरपीएस अजय शर्मा को एसीपी चाकसू, मनीष शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक बाल अधिकार आयोग जयपुर, दीपक खंडेलवाल को एसीपी ट्रेफिक जयपुर साउथ, चिरंजीलाल मीणा को एसीपी मालवीय नगर, श्याम सुंदर को एसीपी सोड़ाला, भोपाल सिंह भाटी को एसीपी झोटवाड़ा, जोगेन्द्र सिंह को एसीपी ट्रेफिक जयपुर ईस्ट, फूलचंद मीणा को एसीपी बस्सी, विनोद कुमार शर्मा को एसीपी सांगानेर, हरी शंकर शर्मा को एसीपी ट्रेफिक जयपुर नोर्थ, संजय शर्मा को एसीपी ट्रेफिक जयपुर वेस्ट, निहाल सिंह को एसीपी गांधी नगर, रामचंद्र को एसीपी साइबर क्राइम जयपुर साउथ और संजय शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक जीआरपी जयपुर के पद पर लगाया गया है।

'अजिओ' की बिग बोल्ड सेल 1 जून से शुरू होगी

जयपुर (कासं)। देश के सबसे बड़े फैशन ई-टेलर में शुमार 'अजिओ' की बिग बोल्ड सेल 1 जून से शुरू होगी। यह सेल एडिडास के सहयोग से मेलोरा के साथ मिलकर संचालित की जायेगी। ग्राहक 28 मई से रोजाना 6 घंटे की सीमित अवधि के लिए अर्ली एक्सेस की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। बिग बोल्ड सेल में ग्राहक 5 हजार से ज्यादा ब्रांड्स के प्रोडक्ट खरीद सकेंगे, जो कि 1.3 मिलियन से अधिक क्यूरेटेड फैशन स्टाइल को पेश करते हैं।

सेल की घोषणा करते हुए अजिओ के सी.ई.ओ. विनीत नायर ने कहा कि, बिग बोल्ड सेल में देशभर के 19 हजार से अधिक पिनकोड के ग्राहक शामिल होंगे, जो एक्सक्यूसिव इंटरनेशनल ब्रांड्स, प्राइवेट लेबल तथा अपने देश के ब्रांड्स के बड़े सलेक्शन से खरीददारी कर सकेंगे। फैशन, लाइफस्टाइल, होम एंड डेकोर, ब्यूटी, ज्वैलरी और पर्सनल केयर जैसी अलग-अलग कैटेगरी में बेहतरीन डील्स और ऑफर्स मिलेंगे। एस.बी.आई. के क्रेडिट-डेबिट कार्ड से खरीदारी करने पर ग्राहकों को 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी। सेल के दौरान ग्राहकों को एडिडास, नाइकी, प्यूमा, सुपरड्राई, जीएपी, यूएसपीए, स्टीव मैडेन, लिवाईस, मार्क्स एंड स्पेंसर, अरमानी एक्सचेंज, रितु कुमार, मुजी, बुडा जीन्स कंपनी, फेयर रोज, एन्क्रस्टड, पोर्टिको, होम सेंटर, कैसियो, लेक्मे, मेबेलिन, मेलोरा जैसे ब्रांड्स पर रोमांचक डील्स मिलेगी। विनीत नायर ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि 60 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स अजिओ से जुड़ेंगे और एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल ब्रांड्स की इस शॉपिंग सेल का फायदा उठाएंगे। उन्होंने बताया कि 'फैशन्स मोस्ट वांटेड' कैंपेन फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली है, जिसमें एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और राणा दग्गुबाती नजर आएंगे। इस 360 डिग्री कैंपेन को टीवी, ओटीटी, सोशल मीडिया, डिजिटल, प्रिंट और रेडियो पर चलाया जायेगा।

संक्षिप्त

'ईडब्ल्यूएस आरक्षण 14 फीसदी करें'

जयपुर । राजस्थान ब्राह्मण महासभा के कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष पाराशर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 14 फीसदी करने एवं ईडब्ल्यूएस आरक्षण को पूर्ण रूप से राजनीतिक क्षेत्र में लागू करते हुए इसे नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं में लागू करने की मांग की है। पाराशर ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण के सरलीकरण की मांग करते हुए इसके प्रमाण पत्रों की वैधता कम से कम 5 साल करने एवं विवाहित महिला की आय में पिता की आय को नहीं जोड़ने की भी मांग की। उन्होंने यह पत्र राज्य सरकार के मंत्रियों को लिखते हुए उनसे ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 14 प्रतिशत कराने की मांग की है।

मंत्रालयिककर्मियों का अनशन जारी

जयपुर । मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से शहीद स्मारक पर चल रहा क्रमिक अनशन सोमवार को 75 वें दिन भी जारी रहा। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि आज ईएसआई विभाग के सिरमोर मीणा के नेतृत्व में वीरेन्द्र माथुर, भँवर सिंह, मोहन तनेजा, जगमोहन मीणा एवं हिमांशु यादव 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे। हमारी सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने समेत 6 प्रमुख मांग है।

मेडी गैंग के सरगना समेत चार इनामी बदमाश पकड़े

वर्चस्व की लडाई में जीवली गैंग के सदस्य की हत्या की थी इस गैंग ने

जयपुर (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जयपुर में वांछित (मेडी गैंग) के इनामी अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए मेडी गैंग के सरगना सहित चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रताप नगर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि सभी आरोपियों पर पचास-पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था। इन्होंने वर्चस्व की लडाई के लिए जीवली गैंग के सदस्य की हत्या की थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि सीएसटी ने प्रताप नगर थाना इलाके में एक दिसम्बर 2022 को महेन्द्र मीणा हत्या मामले में वांछित मेडी गैंग के सरगना देवीशरण दुधवात निवासी गांव मेडी वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर, महेश नांगल निवासी बालघाट जिला करौली, संतोष कुमार मीणा उर्फ बच्चा नांगल निवासी बालघाट जिला करौली और भानू प्रताप मीणा निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है।

जो वांछित होने पर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पचास-पचास हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि संदीप जीवली और विनीत मेंडी गैंग के बीच वर्चस्व को लेकर आपस में दुश्मनी थी। इसी बात को लेकर संदीप जीवला के जीजा(महेन्द्र मीणा) की हत्या करना स्वीकार किया है। सभी आरोपित वारदात के बाद से ही फरार चल रहे थे और जिन्होंने पुलिस से बचने के लिए जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश ,चैन्नई आदि स्थानों पर फरारी काट रहे थे। इसके अलावा आरोपित मोबाइल फोन प्रयोग में नहीं ले रहे थे और अपने किसी साथियों और परिवार के लोगों से बात करनी होती थी तो वह किसी अन्जान व्यक्ति से मोबाइल लेकर करते थे। गौरतलब है कि संदीप मीना ने मामला दर्ज करवाया था कि उक दिसम्बर 2022 और वह और उसके जीजाजी महेन्द्र मीणा व दोस्त प्रिफराज सोलंकी उनके जानकार कितनु उर्फ घनश्याम से मिलने गोदावरी अपार्टमेन्ट के पास पण्डितजी की चाय की थडी पर वह लोग चाय पी रहे थे । तभी एक धार गाडी उनकी खडी गाडी को सामने से टक्कर मारी, फिर उस गाड़ी में से 6-7 लडके अपने हाथों में हथियार (तलवार, पिस्टल, देसी कट्टा, कुल्हाडी, सरिया लेकर उनके पिछे मारने के लिये दोडे। इनमें विनित मेडी, बच्चा उर्फ सन्तोष उर्फ निरव मीणा, टोलू उर्फ मुजाहिद खान थे। भागते समय उसके जीजा महेन्द्र मीणा गिर गया, तब इन सभी लोगों ने उसके जीजा के ऊपर फायर कर दिये और कुल्हाडी व तलवार से उसके पेट के ऊपर बार किये और तब तक कि वह मर नहीं गया हो।

पालतू कुत्ते ने दांतों से महिला का पैर काटा

जयपुर (कासं)। रामनगरिया क्षेत्र में एक पालतू कुत्ते (श्वान) ने महिला पर हमला कर पैर को दातों से नोंच दिया। कुत्ते के मालिक ने अपने हाथ से कुत्ते का जबड़ा खोलकर महिला का पैर छुड़वाया, तब तक महिला का पैर खून से सन चुका था। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना के बाद रामनगरिया थाने में कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि महादेव नगर जगतपुरा निवासी कोचिंग संचालक दीपक चड्डा (34) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनकी बड़ी बहन निशा (40) को कुत्ते ने काटा है। अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर रहने वाले अनिल अग्निहोत्री के परिवार ने खतरनाक कुत्ता पाल रखा है, जो आए दिन किसी ने किसी को काट लेता है। गत 25 मई की शाम करीब 7:30 बजे उनकी बहन निशा मिलने के लिए घर आई थी। अनिल अग्निहोत्री का बेटा नितिन (30) कुत्ते के गले पर बंधी बेल्ट को पकड़कर नीचे ला रहा था। बहन निशा के अपार्टमेंट में घुसते ही नितिन ने कुत्ते को छोड़ दिया। कुत्ते ने बहन निशा पर अटैक कर दिया। तेजी से दौड़ते हुए झपट्टा मारकर दांतों से निशा के पैर को नोंच कर फाड़ दिया। दर्द से चिल्लाने की आवाज सुनकर नितिन कुत्ते से बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन कुत्ते ने पैर को नहीं छोड़ा। नितिन ने कुत्ते को जबड़ा खोलकर पैर छुड़वाया। लहुलुहान हालत में घायल निशा को इलाज के लिए आरयूएचएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। कुत्ते के दातों से पैर नोंच फाड़ने से गहरा घाव हो गया, जिसे सर्जन से उपचार कराने को कहा।

'बाल बढ़ेंगे-बच्चे पढ़ेंगे' कैंपेन शुरू किया निहार शांति आंवला ने

- "निहार नैचुरल्स अपने मुनाफे का पांच प्रतिशत बालिकाओं की शिक्षा के लिये देता है, यह योजना अब तक 4.17 लाख विद्यार्थियों को प्रभावित कर चुकी"

जयपुर (कासं)। मैरिको लिमिटेड के निहार नैचुरल्स शांति आंवला ने एक्ट्रेस आलिया भट्ट को अपने ब्रांड का चेहरा बनाया है और 'बाल बढ़ेंगे, बच्चे पढ़ेंगे' का नारा देकर एक नया टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है। यह कैंपेन खूबसूरत बालों और बालिकाओं की शिक्षा के लिये ब्रांड की दोहरी प्रतिबद्धता का संदेश बड़ी सहजता से देता है।

मैरिको लिमिटेड की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सोमाश्री बोस अवस्थी ने कहा कि निहार नैचुरल्स अपने मुनाफे का 5 प्रतिशत बालिकाओं की शिक्षा के लिये देता रहा है और दे रहा है। अब तक 4.17 लाख विद्यार्थियों को प्रभावित कर चुकी है और 2.89 लाख शिक्षकों तक पहुँच चुकी है। मैरिको लिमिटेड का लक्ष्य है वर्ष 2025 तक 10 लाख बच्चों को भाषा में साक्षर और निपुण बनाना।

उन्होंने बताया कि निहार नैचुरल्स शांति आंवला ने लगभग दो दशक पहले अपना सफर शुरू किया था और तब से काफी तेजी से तरक्की करते हुए परिमाण के हिसाब से भारत का नंबर 1 हेयर ऑइल (नील्सन के अनुसार) बन गया। इस अग्रणी स्थिति का श्रेय न सिर्फ विगत वर्षों में ब्रांड के नवाचार और बाजार में हलचल मचाने को जाता है, बल्कि अपने उद्देश्य को लेकर उसके विशुद्ध समर्पण को भी।

उन्होंने बताया कि इस साधारण, दिल को छू लेने वाले विज्ञापन में आलिया भट्ट को एक स्कूल में को-क्युरिक्युलर मेंटर के रूप में दिखाया गया है और वह वार्षिक दिवस के लिये बच्चों से जुड़कर उनकी मदद कर रही हैं। विद्यार्थी उन्हें प्यार से 'दीदी' कहते हैं और उनके लंबे, घने, काले बालों से सम्मोहित होकर शिक्षा के संदर्भ में उनके सुंदर बालों की प्रशंसा करने के लिए छोटी कविता सुनाते हैं।

मैरिको लि. की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सोमाश्री बोस अवस्थी

सार-समाचार

सुंदरकांड पाठ में जुटे राजनेता-धर्मगुरू

जयपुर (कासं)। विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा के निर्देशन में सोमवार को विद्याधर नगर के सीकर रोड स्थित शगुन मैरिज गार्डन में सन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। 'एक शाम सनातन के नाम' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री महेश जोशी, विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, मंत्री बृजकिशोर शर्मा, कांग्रेस नेता विक्रम सिंह, सुरेश चौधरी, धार्मिक गुरु बालमुकुंदाचार्य, सुदर्शन दास, बालकिशन दास और परशुराम दास समेत भारी संख्या में स्थानीय महिलाओं-पुरुषों ने भाग लिया।

एस.के.आई.टी. छठे साल पहले स्थान पर

जयपुर (कासं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) ने प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों की साल 2022-23 की रैंकिंग को लेकर नोटिस जारी किया है। आरटीयू की ओर से कॉलेजों की रैंकिंग के लिए जारी क्वालिटी इंडेक्ट वेल्यू (क्यूआईवी) में गत वर्ष रहने वाले सभी निजी कॉलेजों की रैंकिंग यथावत रखी गयी है। आरटीयू द्वारा जारी किए गए नोटिस के आधार पर स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एवम ग्रामोथन ने लगातार छठे साल पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने तीसरा स्थान एवम जेईसीआरसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। टॉप 10 कॉलेजों की सूची में सभी कॉलेज जयपुर के हैं। वर्तमान में प्रदेश में आरटीयू के करीब 57 इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। संस्था के निदेशक जयपाल मील ने कहा कि प्रदेश में लगातार छठे साल इंजीनियरिंग कॉलेजो की रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त करना बेहद सुखद अनुभव है। ये एसकेआईटी की पूरी टीम की मेहनत और स्टूडेंट्स की लगन का नतीजा है।

बस कंपनी पर 25 हजार रु. हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर द्वितीय ने यात्री को रास्ते से उतारने पर महालक्ष्मी ट्रेवल्स कंपनी पर 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश परिवादी सुरेन्द्र लाम्बा के परिवाद पर स्वीकार करते हुए दिये। परिवादी के अधिवक्ता राम प्रकाश कुमावत ने बताया कि लाम्बा ने जयपुर से कुशलगढ़, बांसवाड़ा जाने के लिये 700 रुपये प्रति सवारी सीट बुक कराई थी लेकिन बस चालक ने बस को गंतव्य स्थान पर नहीं ले जाकर बीच रास्ते में ही उतार दिया गया। इस कारण उसे अन्य साधन से मीटिंग में देरी से पहुंचना पड़ा। विपक्षी के इस कृत्य को आयोग ने गंभीर सेवा दोष में अनफेयर प्रेक्टिस मानते हुए मानसिक संताप व खर्चे के लिये 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है।